यह हीरालाल है, जो आगरे में रहता है। हीरालाल रिक्शेवाला है । जो रिक्शा हीरालाल चलाता है वह बहुत शानदार है । वह हीरे की तरह चमकता है! जिसने यह रिक्शा बनाया हो वह बहुत बड़ा आर्टिस्ट होगा।

जहाँ हीरालाल रहता है वहाँ बहुत-से दूसरे रिक्शेवाले भी रहते हैं । रिक्शे तो बहुत हैं लेकिन सवारियाँ कम आती हैं। जब एक भी सवारी नहीं आती तब हीरालाल की जेब ख़ाली रहती है। जब जेब ख़ाली रहती है तो पेट भी ख़ाली रहता है । मुफ़्त का खाना कहाँ मिलता है ? और जब बारिश होती है तब भी हीरालाल को काम करना पड़ता है। जो लोग ग़रीब हैं उनको हर मौसम में काम करना पड़ता है।

जहाँ पहाड़ या चढ़ाव हो वहाँ रिक्शा चलाना बहुत ही मुश्किल है । जब दो मोटे लोग अपने भारी सामान को लेकर रिक्शे में चढ़ते हैं तो वज़न बहुत ज़्यादा हो जाता है। जब सवारियाँ उतर जाती हैं तो हीरालाल अपने रिक्शे की सीट पर लेटकर सोता है। जो लोग रिक्शे चलाते हैं उन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ती है।

1- **Metinde geçen gramer kuralların analizini yaparak Türkçeye çevirmek.**